तापमान
अधिकतम 27 .3 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025

12 कई सरकारी विभागों में चल रही है भर्ती की तैयारियां...



12 कबड्डी में जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने...



**खबर संक्षेप**

### इंद्री में कल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**इंद्री।** सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि उपमंडल रोजगार कार्यालय, इंद्री द्वारा 12 दिसम्बर को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव के तहत एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी सरहिंद (पटियाला) द्वारा सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर के लिए भर्ती के लिये आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्यूटी के दौरान 17 से 19 हजार के बीच में मासिक वेतन दिया जाएगा।

### सुषमा स्वराज अवार्ड के मिलेंगे 5 लाख रुपये

**पानीपत।** अंरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। इन अवार्ड को पाने की इच्छुक महिलाएं 15 दिसंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में आवेदन कर सकती हैं। डीसी डा.वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि अवार्ड प्रदेश की महिलाओं को उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिए जाएंगे।

### नशा तस्करों को सुनाई 20-20 साल की सजा

**पानीपत।** पानीपत की अदालत ने नशा तस्करों को 20-20 साल की सजा सुनाई है। ए एसजे योगेश चौधरी की अदालत ने इसराइल पुत्र हारून वासी नंगला राई थाना कैराना जिला शामली उप्र व इनाम पुत्र रमजानी अली वासीं नंगला राई थाना कैराना को 1 किलो 25 ग्राम चरस रखने व बेचने के मामले में 20-20 साल की सजा सुनाई है। दोनों को दो-दो लाख जुर्माना भी देना होगा। जुर्माना नहीं भरने पर 2 वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। डीडीए कुलदीप ढुल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी इसराइल से 1 किलो 25 ग्राम चरस बरामद हुई थी। उसने यह चरस इनाम से खरीदी है। पुलिस ने इनाम को भी गिरफ्तार कर लिया था। दोषियों पर थाना चांदनी बाग में 2 मार्च 2020 को मामला दर्ज किया गया था।

### रिटायर्ड बैंक कर्मी के खाते से 20 लाख साफ

**अंबाला।** अंबाला शहर के दुर्गा नगर के रहने वाले सूरज प्रकाश ग्रोवर के साथ 19.85 लाख की साइबर ठगी हो गई। साइबर क्राइम थाना को दी शिकायत में सूरज प्रकाश ग्रोवर ने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड हैं। 15 नवंबर की शाम को घर पर बैठा हुआ था कि मोबाइल पर फोन आया। बोला कि आपने पीएनबी वन एप के लिए आवेदन किया था। झांसे में आकर व्हाट्सएप नंबर भी दे दिया। थोड़ी देर में उसने वीडियो कॉल किया तो बैंक का लोगो भी दिखाई दे रहा था। झांसे में आकर दिए लिंक पर क्लिक कर दिया। 17 नवंबर को खातों का पता किया। एफडी सहित ओडी करके खातों से 19.85 लाख रुपये निकाल लिए।

## ड्यूटी पर लौटे डॉक्टर, अस्पतालों में सेवाएं सामान्य



**कुरुक्षेत्र।** हड़ताल पर रहे सभी डॉक्टर बुधवार से ड्यूटी पर लौट आए हैं। जिला के सभी अस्पतालों में सेवाएं सामान्य रही। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने दावा किया कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी गई। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के बैनर तले चिकित्सकों ने दिन की हड़ताल की थी। चिकित्सक एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक और संशोधित एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन योजना लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। इससे सरकारी अस्पतालों में ओपीडी, सर्जरी और अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं थी और मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा था। वही बुधवार से ओपीडी सहित सभी सेवाएं सुचारू होने पर अस्पताल में आए मरीजों ने खुशी व्यक्त की।

## इसराना: जुलाई से अब तक खेतों में खड़े बरसाती पानी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इसराना

शाहपुर गांव में स्टेशन के पास खेड़ी रकबे के खेतों में पांच माह से जुलाई में आई बरसात का पानी अभी भी भरा हुआ है। पीड़ित किसानों ने तहसीलदार से लेकर एसडीएम कार्यालय तक खेतों से पानी निकलवाने की गुहार लगाई लेकिन नतीजा शून्य रहा।

वे अपने खेतों में गेहूं की फसल की बिजाई नहीं कर पाए। परेशान किसानों ने प्रदेश के सीएम को उनके खेतों में जमा पानी निकलवाने की शिकायत भेजने की बात कही है। किसान रामकिशन वासी शाहपुर ने बताया कि उसके खेत में जुलाई में हुई बरसात का पानी अभी भी जमा है। वो गेहूं की बिजाई नहीं कर पाए व बाजरे की फसल जमा पानी से खेत में ही गल गई। वो शिकायत ले कर तहसीलदार के अलावा एसडीएम कार्यालय जा चुके हैं पर समाधान नहीं हो पाया। वहीं किसान रमेश ने बताया कि उन्होंने रेलवे लाइन के दूसरी तरफ पांच एकड़ जमीन ठेके पर ली थी। उसमें पानी जमा रहने से वो गेहूं की बिजाई नहीं कर पाए। आर्थिक नुकसान के साथ भूखे मरने की नौबत आ चुकी है। इसके अलावा किसान सुमन, रीतू, सूरजभान, वेद सिंह व राजेन्द्र समेत कई किसानों की भी यही दास्तान है।



**इसराना।** खेतों में खड़े बरसाती पानी को दिखाते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

### नोटिस देने के बाद भी टैक्स जमा न करने पर कार्रवाई

# संपत्ति कर के बकाएदारों पर नगर निगम सख्त,पेट्रोल पंप समेत चार दुकानें सील

■ बकाएदारों पर नगर निगम का 56 .96 लाख संपत्ति कर बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा संपत्ति कर जमा नहीं करवाए जाने पर बुधवार को शहर के एक पेट्रोलपंम समेत चार दुकानों को सील कर दिया। इन बकाएदारों पर नगर निगम का 56 लाख 96 हजार 966 रुपये संपत्ति कर बकाया है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर निगम के क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया व जितेंद्र मल्होत्रा की टीम ने सबसे पहले शहर के बाईपास रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचकर उसे सील किया। इस संपत्ति पर नगर निगम का 29 लाख 63 हजार 699 रुपये संपत्ति कर बकाया है। सील लगाने के बाद निगम कर्मियों ने पेट्रोल पंप के ऑफिस के गेट पर चेतावनी नोटिस भी चस्पा किया। जिस पर निगम की अनुमति बिना सील खोलने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात लिखी हुई था। वहीं, निगम की टीम ने महाराणा प्रताप चौक स्थित दुकान को सील किया। इस पर निगम का 23 लाख 384 रुपये बकाया है।



**यमुनानगर।** संपति कर जमा न करवाने पर पेट्रोल पंप को सील करती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### सीलिंग कार्रवाई से बचने के लिए जमा करवाएं कर: नगर निगम आयुक्त

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की अब संपत्तियां सील की जा रही हैं। सीलिंग कार्रवाई से बचने के लिए संपत्ति मालिक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं। उन्होंने बताया कि जिनकी संपत्ति सील की गई हैं। उन्हें कई बार नोटिस जारी कर चेताया गया था। टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय बुलाया गया था। सुनवाई के बाद भी संपत्ति कर जमा न कराने पर सीलिंग कार्रवाई की गई।

### टीम ने चेतावनी नोटिस भी चस्पाया

इसी तरह शिव कुमार की दुकान को सील किया। इस संपत्ति पर निगम का 2 लाख 36 हजार 684 रुपये बकाया है। इसी तरह निगम की टीम ने वार्ड 17 के कैंप स्थित एक दुकान को सील किया। इस पर निगम का एक लाख 96 हजार 199 रुपये संपत्ति कर बकाया है। संपत्तियां सील करने के साथ ही निगम द्वारा उन पर चेतावनी नोटिस चस्पाया कि यदि नगर निगम की अनुमति के बिना सील से छेड़छाड़ की या इसे खोलने का प्रयास किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**समालखा में पुलिस की मुहिम**



**पानीपत।** चालकों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम ।

## चालकों को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई

■ बकाएदारों पर नगर निगम का 56 .96 लाख संपत्ति कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। समालखा

पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बुधवार को समालखा में फ्लाई ओवर के नीचे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ऑटो, ई रिक्शा चालक व आमजन को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। वहीं पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। टीम द्वारा बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को खराब करता है बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।



**पानीपत।** समालखा में फ्लाई ओवर के नीचे जागरूकता कार्यक्रम में नशा नहीं करने की शपथ लेते चालक और अन्य।

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसने शादी से मना कर दिया। जानकारी के अनुसार शहर की एक कालोनी निवासी 28 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी हरदीप के साथ जान पहचान थी।

28 नवंबर को उसके परिवार के सदस्य किसी काम से घर से बाहर गए थे। इस दौरान वह घर पर अकेली थी। हरदीप उनके घर पर आ गया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ गलत काम करता रहा। बाद में जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### आरोपी पर पुलिस ने किया केस दर्ज

## हिन्दी की गूंज टीम ने कंचन सागर को सौंपे स्मृति चिन्ह



**पानीपत।** हिन्दी की गूँज की प्रभारी कंचन सागर के निवास पर सभी सदस्यों ने मिलकर हिन्दी की गूँज सम्मान समारोह से प्राप्त स्मृति चिन्ह, शॉल एवं सर्टिफिकेट्स कंचन सागर को भेंट किये। कंचन सागर के प्रोत्साहन से ही पानीपत से चौदह सदस्य हिन्दी की गूँज से जुड़ चुके हैं। वहीं हिंदी की गूँज के पानीपत के 4 सदस्यों ने पुस्तकें लिखी हैं जिनके नाम हैं मोनिका सलूजा, नीलम मेहता, सरोज आहूजा व ज्योत्सना गर्ग। आज यहां सबने अपनी पुस्तकों से संबंधित तजुर्बे भी साँझा किए। मौके पर कंचन सागर, सिमरन गिरधर, डा. वीके भाटिय, कृष्णा सडाना, सरोज आहूजा, नीलम मेहता, रेनू देसवाल, मोनिका सलूजा,ज्योत्सना गर्ग, विद्या सागर भाटिया, वीना भाटिया और सांझी सागर आदि उपस्थित रहे।

## इंद्री लाडवा रोड पर ट्राले के पलटने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

### मृतक की पहचान सोनीपत निवासी भोपाल के रूप में हुई

इंद्री लाडवा स्टेट हाईवे पर गांव धूमसी के पास ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्राला चालक की मौत हो गई जबकि क्लीनर बाल बाल बच गया। घटना की सूचना डायल 112 व इंद्री पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्राला चालक को केबिन से बाहर निकाला लेकिन तब तक चालक की मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान करीब 36 वर्षीय भोपाल निवासी झुंडपुर जिला सोनीपत के रूप में हुई है । इस मामले में जांच अधिकारी राजाराम ने बताया कि सूचना मिली थी कि गाँव धूमसी के पास ट्रक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया है । तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक को बाहर निकाला तो उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान सोनीपत के गांव झुंडपुर निवासी 36 वर्षीय भोपाल के रूप में हुई है। मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर वारिसों को सौंप दिया है ।

## हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एक युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** थाना सदर यमुनानगर पुलिस टीम ने गांव पांजूपुर श्मशान घाट के नजदीक से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 18.55 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र में तैनात एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि पांजूपुर शमशान घाट के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 18.55 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव शादीपुर निवासी नौशाद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**जागरूकता** हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान चलाया जा रहा

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर जाटान में सरपंच विद्या देवी व ग्राम सचिव नवीन कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चलाया जा रहे हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य होते हैं जो भी हम बच्चों को स्कूल में पढ़ाते हैं बच्चे वही सीखते हैं और आगे जाकर भी उसको अपने जीवन में ग्रहण करते हैं । उन्होंने बताया कि बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जिससे बच्चों का नैतिक व शैक्षिक विकास भी होता रहे। उन्होंने बताया कि हमे अपने विद्यालय अपने घर के आसपास गली मोहल्ले को भी साफ रखना चाहिए कहीं पर भी गंदगी के देर नहीं लगाने चाहिए।



**इंद्री।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर जाटान में बुधवार को बच्चों को जानकारी देते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### खुद ही कचरा निपटान करने की आदत डालें

ब्रहमजीत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने बताया कि हमें कचरे का निपटान खुद ही करने की आदत डालनी चाहिए तभी हम अपने गांव को कचरा मुक्त कर पाएंगे। इसलिए हमें अपने गांव को कचरा मुक्त करने के लिए पंचायत का पूरा भरपूर योगदान देना चाहिए ताकि गांव को निर्मल गांव बनाया जा सके। इस मौके पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर पूर्ण चन्द सैनी , शमशेर सिंह , डॉ.प्रवीन कुमार , मास्टर पवन शर्मा , शीला देवी व शकुन्तला देवी सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## महमूदपुर का भूषण सैनी बना लेफ्टिनेंट, सीएम ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

■ सरकारी स्कूल में शिक्षा हासिल करने के बाद पहले सेना में बतौर क्लर्क हुई थी नियुक्ति

महमूदपुर गांव के भूषण सैनी भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बना है। इससे गांव में जश्न का माहौल है। भूषण के भाई कर्मचंद गोल्डी कारोबारी हैं साथ ही भाजपा के जिला महामंत्री भी हैं। उन्होंने बताया कि भूषण सैनी बचपन से ही प्रतिभावान रहे हैं। वह तीसरी कक्षा में जिला स्तर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम रहे, जबकि मुलाना हलका स्तर पर पांचवीं कक्षा में पहला स्थान हासिल किया। वह खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे और पढ़ाई में भी अच्छे रहे। उन्होंने दसवीं तक शिक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल में हासिल की। उसके बाद 12 वीं तक शहजादपुर सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण की और स्नातक की पढ़ाई कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से की। हरियाणा सचिवालय में सीएम सैनी ने भूषण सैनी से मुलाकात कर उन्हें शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। भूषण सैनी के मन में सेना में जाने का जज्बा था और वर्ष 2009 में वह भारतीय सेना में जीडी क्लर्क के पद पर भर्ती हुए। इसके बाद से वह लगातार उच्च पद के लिए कोशिश करते रहे और लेफ्टिनेंट पद के लिए परीक्षा भी दी। इसके लिए उन्होंने नोएडा के एक इंस्टीटयूट से कुछ दिन कोचिंग भी ली। मेहनत के बल पर आखिकार भूषण सैनी परीक्षा पास कर लेफ्टिनेंट बन गए।

# हर वार्ड के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रयासरत : बहमनी

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी

*नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शिव नगर में 37.10 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शिलान्यास*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। वार्ड 17 में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ।

नगर निगम यमुनानगर द्वारा जनहित में हर वार्ड में गलियों, नालियों, स्टॉर्म वाटर लाइन, सामुदायिक केंद्र बनाने समेत विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में बुधवार को मेयर सुमन बहमनी व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वार्ड नंबर 17 के शिव नगर में 37.10 लाख रुपये की लागत से गली व नालियों के नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर हम प्रयासरत है। सभी 22 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। हर नियमित कॉलोनी में गलियों, नालियों, सीवरेज लाइन बिछाने, स्टॉर्म वाटर लाइन डालने व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विकास कार्यों में सड़कों की मरम्मत, जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, साफ. सफाई और पार्कों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझावों को भी योजनाओं में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में अभी करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जाने हैं। जिनके टेंडर जारी किए गए हैं। हम शहर में चल रहे विकास कार्यों को और अधिक विकसित और आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बड़ा रहे है।

### संकल्प को कर रहे पूरा : अरोड़ा

*मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड की हर नियमित कॉलोनी में पक्की सड़कें व गलियां,निकासी के लिए अंडरग्राउंड नालियां, पेयजल व बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने का जो संकल्प लिया था, उसे पूरा किया जा रहा है। मौके पर निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया, पार्षद दीक्षित धीमान व मंडल अध्यक्ष शुभम राणा आदि मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप


यमुनानगर। रादौर में ग्रामीणों को निमंत्रण देते संगठन के पदाधिकारी।

### स्थापना दिवस को लेकर पदाधिकारियों का दौरा

**रादौर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पदाधिकारयों ने बुधवार को कुरूक्षेत्र में 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले वाले फेडरेशन के स्थापना दिवस को लेकर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को कार्यक्रम में पहुचने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश सचिव संदीप सैनी व सरदार सुखविंदर सिंह ने बताया कि सैनी यूथ फेडरेशन का स्थापना दिवस 14 दिसंबर को ज्ञान गंगा ग्रुप ऑफ कॉलेज हिंगाखेडी, कुरुक्षेत्र में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं बिरादरी के नए समाजसेवियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सम्मानित किया जायेगा।

### दुकानदार का पर्स चोरी कर 12 हजार उड़ाए

**यमुनानगर।** गांव तेली माजरा रटौली में चोरों ने करियाना स्टोर संचालक का पर्स चोरी कर उसमें से 12 हजार आठ सौ रुपये चोरी कर लिए। गांव तेली माजरा जगाधरी निवासी हरभजन सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही करियाने की दुकान है। 17 अक्टूबर को वह दोपहर साढ़े 12 बजे दुकान बंद कर किसी काम से बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस दुकान पर आया तो दुकान खुली पड़ी थी और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर दुकान में रखें उसके पर्स से 12 हजार आठ सौ रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### भाजपा व चुनाव आयोग ने वोट चोरी की : नरवाल



**रादौर।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कुरूक्षेत्र में मुख्यमंत्री के आवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र नरवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ सरकारी विरोधी नारेबाजी की। उनके साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब व हरियाणा युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमिल संधू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जितेन्द्र नरवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आवाज उठाना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा व चुनाव आयोग ने मिलकर वोट चोरी की है। जिसके चलते लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हुई है। भाजपा की सरकार जनता के जनादेश की प्रतिनिधि नहीं है।

### बेसहारा महिलाओं को किए अन्न व वस्त्र दान

**करनाल।** करनाल मानव सेवा संघ के पवित्र प्रांगण में गरीब विधवा व बेसहारा महिलाओं को उनके परिवारों के भ्रण पोषण के लिए अन्न दान किया गया। तथा सर्दी के मौसम को देखते हुए गर्म कंबल भी वितरित किए गए। ज्ञात्वय है कि मानव सेवा संघ द्वारा प्रति माह गरीब बेसहारा महिलाओं को अन्न व अन्य सामग्री दान की जाती है। ताकि वे अपने परिवार का गुजर बसर कर सके। इस प्रकार की सेवा का सैकड़ों परिवार लाभ उठा रहे है। स्वामी प्रेममूर्ति ने सर्दी की शुरूआत होते ही ऐसे परिवारों की चिंता करते हुए उनको अन्न के साथ प्रति परिवार एक-एक गर्म कंबल भी प्रेम स्वरूप भेंट किया।

### धान घोटाले को लेकर सरकार कार्रवाई करे

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने धान घोटाले के खिलाफ प्रदेश सरकार को कड़ी चेतावनी दी है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि यदि घोटाले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो प्रदेशभर के किसान बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उ करनाल जिले में ही पिछले वर्ष से 1.60 लाख मैट्रिक टन अधिक खरीद दर्शाई गई। वहीं, पूरे प्रदेश में करीब 9 लाख मैट्रिक टन अतिरिक्त खरीद दिखाकर बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है।

## मानव अधिकार दिवस मनाया

# बीएड कॉलेज की छात्राओं ने दिव्यांग बच्चों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। उत्थान संस्थान में दिव्यांग बच्चों से मुलाकात करती हुई छात्राएं।

शहर के बीएड कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को मानव अधिकार दिवस के अवसर पर उत्थान संस्थान का दौरा किया। इस अवसर पर छात्राओं ने दिव्यांग बच्चों से मुलाकात कर उनकी गतिविधियों के बारे में जाना।

इस अवसर पर सीजे एम सुमित्रा कादियान ने कहा कि सामान्य जीवन यापन के लिए प्रत्येक मनुष्य के अपने परिवार, कार्य, सरकार और समाज पर कुछ अधिकार होते हैं, जो आपसी समझ और नियमों द्वारा निर्धारित होते हैं। इसी के अंतर्गत संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को आधिकारिक मान्यता दी गई। जिसमें भारतीय संविधान द्वारा प्रत्येक मनुष्य को कुछ विशेष अधिकार दिए गए हैं। सब लोग गरिमा और अधिकार के मामले में स्वतंत्र और बराबर हैं अर्थात सभी मनुष्यों को गौरव और अधिकारों के मामले में जन्मजात स्वतंत्रता और समानता प्राप्त है। उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन, आजादी और सुरक्षा का अधिकार है। राष्टीयता का अधिकार अर्थात प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट.विशेष की नागरिकता का अधिकार है। शिक्षा का अधिकार अर्थात प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है। इन बच्चो को भी शिक्षा का उतना अधिकार है, जितना सामान्य बच्चो को। शिक्षा द्वारा ये बच्चे भी समाज की मुख्य धारा में आगे बढ़ सकेंगे। मानवाधिकार दिवस मनाना हम सभी के लिए केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए न्याय, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करने की एक वैश्विक प्रतिबद्धता है। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यापक इशू, पूनम, एडवोकेट अमिता कुमारी, उत्थान संस्थान से स्वाति ठाकुर, सुमित सोनी, हनी तोमर एराजेश, सन्नी और दीपा आदि मौजूद थे।

## रास्ता रोककर युवती के साथ छेड़छाड़

**यमुनानगर।** शहर के हुड्डा सेक्टर 17 थाना क्षेत्र में एक युवक ने युवती को रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ की। आरोपी काफी दिन से युवती का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी 18 वर्षीय युवती ने बताया कि नीरज गौरी नाम का युवक काफी दिन से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। जब भी वह घर से बाहर जाती तो आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देता। उसने कई बार आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि वह नौ दिसंबर को शाम साढ़े सात बजे तेजली स्टेडियम के मोड़ के पास किसी काम से गई थी। इस दौरान आरोपी नीरज ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## इंस्टा पर महिला की बनाई फेक आईडी

**यमुनानगर।** अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर महिला की फेक आईडी बनाकर उसका गलत इस्तेमाल किया। जब महिला को इस बारे पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव औरंगाबाद निवासी नरेंद्र कौर ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर अपने नाम से अकाउंट बनाया हुआ है। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से फेक आईडी बनाकर उसका गलत इस्तेमाल किया। जिससे समाज में उसकी छवि धूमिल हुई है। उसे अपने परिचितों से अपनी फेक आईडी के बारे में पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक

# कैशलेस मेडिकल सुविधा न देकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का झांसा



यमुनानगर। कस्बा रादौर में जानकारी देते पूर्व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक बुधवार को रादौर की कांबोज धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान रमेश कुमार ने की। बैठक में सरकार पर संघ की लंबित मांगों को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। बैठक में ब्लॉक सचिव यशपाल ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2023 से 2026 के सत्र की एलटीसी की राशि जारी नहीं की गई है। संगठन सरकार से मांग करता है कि एलटीसी की राशि सभी पैंनशनर्स के लिए शीघ्र जारी की जाए। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के नेता प्यारे लाल तंवर ने कहा कि हरियाणा व केंद्र की कॉर्पोरेट परस्त सरकार ने वित्त विधेयक के माध्यम से पेंशनर्स को आठवे वेतन आयोग के लाभ से वंचित रखा है। इससे पेंशन भोगियों में भारी रोष है। न ही 65, 70, 75, साल की आयु पर 5 प्रतिशत पैंशन बढ़ोतरी का लाभ देने पर विचार किया जा रहा है। कैशलेस मैडिकल सुविधा न देकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का झांसा दिया जा रहा है। प्रधान रमेश कुमार ने कहा कि सरकार की पैंशनर्स विरोधी नीतियों से रिटायर्ड कर्मचारियों मे भारी रोष है। रिटायर्ड कर्मचारी 17 दिसम्बर 2025 को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर जिले सिंह, अमरनाथ सैनी, राम चंद्र, कुसुमपाल, महीपाल, जीत राम, अमर सिंह, कुलदीप शर्मा, बीरसिंह सैनी, छोटेलाल, सुभाष चंद्र, किरणपाल बालियान, सुखबीर सिंह, मनफूल सिंह, सतपाल मलिक आदि मौजूद रहे।

## व्यक्ति का मोबाइल हैक कर अकाउंट से 98 हजार रुपये निकाले

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने गांव लापरा निवासी जुल्फान के मोबाइल पर लिंक भेज कर उसका मोबाइल हैक कर अकाउंट से 98 हजार रुपये निकाल लिए। जब जुल्फान को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव लापरा निवासी जुल्फान ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद जब उसका मोबाइल ऑन हुआ तो उसके अकाउंट से अलग-अलग कर 98 हजार रुपये निकलने के मैसेज आए।

यह मैसेज देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने घटना की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

# साइंस उत्सव का किया शैक्षणिक भ्रमण

- न्यू हैप्पी पब्लिस स्कूल के विद्यार्थियों ने अत्याधुनिक तकीनीकों का हासिल किया ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी पंचकूला में आयोजित इंटरनेशनल साइंस उत्सव में भ्रमण के दौरान माडल्स की जानकारी हासिल करते हुए।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने पंचकूला में आयोजित किए जा रहे इंटरनेशनल साइंस उत्सव (आईअआईएसएफ) 2025 का शैक्षणिक भ्रमण कर अत्याधुनिक तकनीकों का ज्ञान हासिल किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्सव में आए हुए वैज्ञानिकों से बातचीत की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि पंचकूला में चल रहे इंटरनेशनल साइंस उत्सव में उनके स्कूल के 75 विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि इस उत्सव का आयोजन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (मोईस) द्वारा किया गया। जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसईआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), अंतरिक्ष विभाग (इसरो), परमाणु ऊर्जा विभाग तथा विज्ञान भारती (विभा) समेत अन्य राष्ट्रीय संस्थानों ने सहयोग किया। सहित कई राष्टीय संस्थान इसके प्रमुख सहभागी रहे। प्रधानचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि उत्सव में विद्यार्थियों ने डीआरडीओ द्वारा सैनिकों के लिए विकसित की गई उन्नत तकनीकों जैसे बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट, विभिन्न प्रकार के आयुध, रक्षा ड्रोन आदि देखकर ज्ञान हासिल किया। वहीं, विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिकों, अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों से संवाद कर वास्तविक विज्ञान, शोध और नवाचार के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा, भू.विज्ञान, पर्यावरण, रोबोटिक्स और जैव प्रौद्योगिकी से संबंधित अत्याधुनिक तकनीकों को नजदीक से देखा। इसके साथ ही कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आर्ट एंड साइंस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रेरित कलाकृतियां, हस्तशिल्प, पेंटिंग और मॉडलों का भी अवलोकन किया। जिसने विज्ञान और रचनात्मकता का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

## क्लब ने स्कूली बच्चों को जर्सियां बांटी




**रादौर।** रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब द्वारा बुधवार को सरकारी स्कूल छोटाबांस के बच्चों को जर्सियां वितरित की गई। मौके पर क्लब के सचिव भारत माटिया, महिला प्रधान पूजा माटिया व प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा उपस्थित रहे। सचिव भारत माटिया ने कहा कि क्षेत्र में इन दिनो कडाके की ठंड पड़ रही है। जिसको लेकर क्लब की ओर से सरकारी स्कूल के बच्चों को जर्सियां वितरित की जा रही है। बसंत पंचमी पर 5 जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामुहिक विवाह कार्यक्रम इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नीलम मेहता, परमजीतए, मीनाक्षी कंबोज, पूनम चोपड़ा, पूजा माटिया, साक्षी परुथी, रानी सैनी, सुमन शर्मा, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, मोहित गर्ग, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

## कमर्शियल के स्थान पर घरेलू सिलेंडर किया इस्तेमाल तो होगी कार्रवाई : सोनू

- खाद्यपूर्ति विभाग की टीम ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**रादौर।** खाद्यपूर्ती विभाग की टीम ने बुधवार को कस्बा रादौर की दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई को देखकर स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अभियान की कार्रवाई इंस्पेक्टर सोनू राम, इंस्पेक्टर राहुल कुमार व सब इंस्पेक्टर विक्रम कुमार द्वारा की गई। विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सभी दुकानदारों को कर्मिशयल सिलेंडर इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया। इंस्पेक्टर सोने राम ने जानकारी देते हुए बताया कि चेकिंग के दौरान कुछ दुकानों पर कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडर इस्तेमाल किए जा रहे थे। उन्होंने ऐसे दुकाानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया कि यदि भविष्य में दुकानों पर कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलु सिलेंडर इस्तेमाल किया तो उनके विरूद्ध विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि उन्हें काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी कि कुछ दुकानदार अपनी दुकानों पर कमर्शियल सिलेंडर के स्थान पर घरेलु सिलेंडर इस्तेमाल कर रहे है।


यमुनानगर। कस्बा रादौर में दुकानों पर कार्रवाई करते खाद्यपूर्ती विभाग के अधिकारी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने लोगों को बताई सरकार की नीतियां

# जगाधरी का विकास करवाना सबसे बड़ा संकल्प

- गौमती गली में 8.67 लाख रुपये की लागत से तैयार होगा पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। जगाधरी में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि जगाधरी शहर का विकास करवाया जाना ही उनका सबसे बड़ा संकल्प है। वह हर वार्ड की प्रत्येक कालोनी व मोहल्ले के विकास को लेकर पार्षदों व अधिकारियों से मिलकर कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को जगाधरी में जनसंपर्क के दौरान कहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि पिछली सरकार में जब वह मंत्री पद पर थे तब उन्होंने जगाधरी के वार्ड नंबर दो गौमती गली में पार्क बनाने की मंजूरी दी थी। ताकि वहां के निवासियों को राहत मिल सके। अब वहां पार्क की ग्रांट मंजूर होकर आ गई है। जल्द ही 8.67 लाख रुपये की लागत से पार्क बनकर तैयार हो जाएगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि जगाधरी शहर का विकास ही हमारा सबसे बड़ा संकल्प है। हर वार्ड की हर कॉलोनी व मोहल्ले के विकास को लेकर वह पार्षदों व अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के साथ अन्य सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने शहरवासियों से हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। शहरवासी भी इस अभियान में अपना सहयोग करें। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने नगर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को निगम क्षेत्र में नियमित रोजाना सफाई करवाने व पार्क की सुंदरता बनाए रखने के लिए अनुरोध किया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पार्षद प्रियंक शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,प्रदीप गोयल, अंकुर गोयल ,राजेंद्र सैनी,नितिन बंसल,अशोक गर्ग, आदित्य शर्मा व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

## गांव फतेहपुर पुल के पास हुआ हादसा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव फतेहपुर पुल के पास इनोवा कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फर नगर के गांव मोह बलिपुर निवासी अजय कुमार ने उसका भाई 25 वर्षीय विकास कुमार गांव बहरामपुर में किराए के मकान में रहता है। वह रात को अपनी बाइक पर यमुनानगर से घर लौट रहा था। जब वह फतेहपुर पुल के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही इनोवा कार ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसका भाई बाइक समेत खाई में जा गिरा और उसके सिर व चेहरे पर गंभीर चोटें आई। अजय ने बताया कि कार ड्राइवर ने गाड़ी रोकी भी लेकिन भीड़ इकट्ठा होते देख मौके से कार लेकर सहारनपुर की तरफ भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से वह घायल विकास को सिविल अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**



## वात्सल्य वाटिका में 150 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका में भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र की शाखा ने श्रीकृष्ण आयुर्वेदिक कॉलेज के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वात्सल्य वाटिका में लगभग 150 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इतना ही नहीं बच्चों को निःशुल्क आयुर्वेदिक किट भी वितरित की गई है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष विजयंत बिंदल ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा समय समय पर समाज सेवा के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए शिविरों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता के हुए ट्रायल

**कुरुक्षेत्र।** जिला वुशु संघ कुरुक्षेत्र द्वारा बुधवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम के योगा हाल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का ट्रायल लिया गया। इस ट्रायल में जिला स्तर पर 200 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल का शुभारंभ जिला वुशू संघ के महासचिव संतोष पासवान ने किया। उन्होंने बताया की इस ट्रायल में विजेता खिलाडी का चयन राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। पासवान ने खिलाडियों का परिचय लेते हुए उन्हें ईमानदारी से खेलने का आह्वान किया।

## परिवार की सुख-समृद्धि के लिए करवाया हवन

**पिहोवा।** बंसल परिवार द्वारा गांव गुमथला गढ़ू स्थित पावन स्थल सती भौरखो में परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना हेतु हवनझयज्ञ व पूजा-अर्चना विधि-विधान से सम्पन्न की गई। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में परिवार सदस्य शामिल हुए और परमात्मा से परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पंडित मोहन शास्त्री ने बताया कि सती पित्र महाराज गाँव के रक्षक देवता माने जाते हैं। परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल कार्यों के शुभारंभ पर यहाँ हवन-यज्ञ करने की परंपरा है।

## बीआर स्कूल के तीन छात्रों ने जीते पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के तीन छात्रों ने अखिल भारतीय नागरिक विकास केंद्र, छत्रपति संभाजी नगर, औरंगाबाद द्वारा आयोजित आल इंडिया ड्राईंग, हैडराईटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त कर अपनी विजय का परचम लहराया है। इसमें कक्षा चतुर्थ की छात्रा रिद्धि को कला श्रीसम्मान, कक्षा छटी की छात्रा निमरत को कला रत्न सम्मान तथा कक्षा नौवीं के छात्र रोहण कौशिक को विद्या भूषण सम्मान मिला है। विद्यालय की प्राध्यापिका मधु शर्मा को भी सर्वश्रेष्ठ अध्यापिका का पुरस्कार दिया गया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने छात्रों को अपना शुभाशीष देते हुए उनकी भरपूर सराहना की।

### उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए दिए निर्देश

# सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जारी किए जाएंगे नोटिस

लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राष्टीय राजमार्ग पर सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अब एनएच-44 पर जूस की रेहडियों पर वाहन रोकने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इन वाहनों के रूकने के कारण सडक दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। किसी बड़ी सडक दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हालांकि एनएचआई के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए है कि जूस की रेहडियों और खोकों को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए सचिव एवं एसडीएम थानेसर शाश्वत सांगवान व आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ढुल ने जिला सडक सुरक्षा समिति के पुराने एजेंडों को विस्तार से हाउस के समक्ष रखा और कुछ नए एजेंडे के विषयों को भी बैठक में रखा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि धुंध के सीजन के दौरान सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस को पूरी तरह सर्तक रहकर काम करना होगा। सभी विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थ सडकों पर सफेद पट्टद्दी लगाने के साथ-साथ रिफलेक्टर टेप को लगाना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि पिपली चौक के आस-पास के क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने लिए सीएसआर फंड से रोड सेफ्टी के कार्य किए जाएंगे और इसके साथ ही पिपली चौक का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इस कार्य को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां रम्बल स्टींपस की जरूरत है वहां पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी जल्द कार्य करवाना सुनिश्चित करे, वन विभाग के अधिकारी ढांड रोड, झांसा रोड व अन्य स्थानों पर पेड़ों की कटिंग करवाना सुनिश्चित करेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम शाश्वत सांगवान, एसडीएम अनुभव मेहता, एसडीएम डा. चिनार सनसनवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ढाबों के सामने सड़क पर खड़े होने वाले ट्रक चालकों पर कसा जाएगा शिकंजा

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर ढाबों के सामने खड़े होने वाले ट्रक चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस और सम्बन्धित एसडीएम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि इस विषय पर फोकस रखकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### शाहबाद बस स्टैंड के सामने वाले क्षेत्र में ग्रिल तोड़ने वाले लोगों पर होगी कानूनी कार्रवाई

शाहबाद बस स्टैंड के सामने वाले ऐरिया में ग्रिल तोड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यहां पर एनएएचआई की तरफ से ग्रिल की रिपेयर की जाती है लेकिन कुछ लोग सडक क्रॉसिंग के लिए जानबूझकर ग्रिल को तोड़ रहे है। इस विषय पर कड़ा संज्ञान लिया गया है।

### शहर में ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों पर रहेगी सीसीटीवी की नजर

शहर में ट्रैफिक नियमों की पालना करवाने के उद्देश्य से 135 सीसीटीवी कैमरे ठीक हो चुके है। अब हर चौक पर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी और ऑन लाइन प्रणाली से चालान भी किए जाएंगे।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बढ़ाएगा श्रीकृष्ण संग्रहालय का डी ब्लॉक : सेतिया


**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद सीईओ केडीबी पंकज सेतिया।

- ड्राइंग एवं सकुर्लेशन प्लान की समीक्षा के लिए बोर्ड कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की इकाई श्रीकृष्ण संग्रहालय के चौथे खंड डी ब्लॉक के प्रस्तावित निर्माण हेतु ड्राइंग एवं सकुर्लेशन प्लान की समीक्षा के लिए बोर्ड कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौथे खंड में विकसित की जाने वाली तीन नई वीथिकाओं की प्रारंभिक रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा आवश्यक तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान केडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने स्पष्ट किया कि श्रीकृष्ण संग्रहालय के विस्तार को बोर्ड एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक परियोजना के रूप में देख रहा है। उन्होंने कहा कि डी.ब्लॉक का निर्माण न केवल संग्रहालय की संरचनात्मक क्षमता बढ़ाएगाए बल्कि कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर को और अधिक व्यापक, समृद्ध तथा आधुनिक प्रस्तुति के साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करेगा।

**तीन प्रमुख वीथिकाएं विकसित की जाएंगी**

पंकज सेतिया ने कहा कि यह भी अवगत कराया कि प्रस्तावित डी ब्लॉक में तीन प्रमुख वीथिकाएँ विकसित की जाएंगी जिनमें महाभारत कालीन भारत, 48 कोस कुरुक्षेत्र तथा कृष्ण भक्त एवं स्मारक शामिल है। बैठक में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, बोर्ड के कार्यकारी अभियंता मानदेव सिंह, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के एसडीओ सिविल यशपाल कम्बोज, इलेक्ट्रिकल सब-डिवीजन पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, कुरुक्षेत्र एसडीओ इलेक्ट्रिकल आरएस पंवार, श्रीकृष्ण संग्रहालय की सलाहकार फर्म मै. अनीता सॉल्यूशंसए नई दिल्ली के प्रतिनिधि तथा संग्रहालय के प्रभारी बलवान सिंह उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत चंडीगढ़ वास्तु विभाग की सहायक वास्तुकार श्रीमती सपना रानी जूनेजा अपनी टीम के साथ श्रीकृष्ण संग्रहालय पहुँचीं। उन्होंने प्रस्तावित डी.ब्लॉक के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया।

## बुजुर्गों से मिले संस्कार से ही आगे बढ़ता मनुष्य : सैनी

- हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा ने बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों का जाना हाल-चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि हम सभी को विरासत और संस्कार बुजुर्गों से मिले हैं, जिसकी बदौलत हर मनुष्य अपने जीवन में आगे बढ़ रहा है। प्रत्येक परिवार के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने घर के बुजुर्गों, माता-पिता और सास ससुर का आदर, मान सम्मान करें। उनकी ऐसी सेवा करें कि उन्हें कभी किसी वृद्ध आश्रम में जाना ना पड़े। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी बुधवार को बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में बोल रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी का महिलाओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बुजुर्गों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। इस मौके पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लोगों की समस्याओं को भी सुना। बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम की कमेटी को आश्वासन दिया कि वह आश्रम में सुविधाओं के लिए किसी भी काम को शुरू करें, सरकार की तरफ से उन्हें पर्याप्त मात्रा में ग्रांट उपलब्ध करवाई जाएगी। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्न क्षेत्र के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि आश्रम में 45 बुजुर्ग रह रहे हैं।


**लाडवा।** बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों का हाल-चाल जानती उपाध्यक्ष सुमन सैनी व उपस्थित बुजुर्ग व प्रधान विकास सिंगल व सदस्य।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन डॉ गणेश दत्त, नपा चेयरपर्सन साक्षी खुराना, महिला जिला अध्यक्ष वंदना गोरी, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्न क्षेत्र के प्रधान विकास सिंघल, उप प्रधान मदनलाल गोयल, सचिव अनुज गोयल, कोष अध्यक्ष सुरेश कंसल, जॉइंट सेक्रेटरी कंवर सिंघल, पूनम सैनी, संजय सिंगला, राजकुमार सैनी, मनीराम, पवन गोयल, अशोक मित्तल, सुरेश कंसल, वीरेंद्र सिंघल, मोनिका बंसल, नरेंद्र सिंघल, सन्नी कालड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## शास्त्र और रोगी ही एक वैद्य के सबसे बड़े गुरु होते : धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- श्रीकृष्ण आयुष विवि राज्य स्तरीय आयुर्वेद संवाद कार्यक्रम आयोजित

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि शास्त्र और रोगी, दोनों ही एक वैद्य के सबसे बड़े गुरु होते हैं। शास्त्रों में लिखा प्रत्येक शब्द अनुभूति से उपजा है और पूर्णतः सार्थक है। एक योग्य वैद्य वह है, जो बिना अधिक औषधियों के भी रोगी को आहार-विहार और उचित परामर्श द्वारा स्वस्थ कर सके। आज दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग केवल जीवनशैली में सुधार कर स्वयं को निरोग बना रहे हैं। कुलपति प्रो. धीमान बुधवार को विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयुष विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय आयुर्वेद संवाद में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. चंदन दुआ, रिसोर्स पर्सन डॉ. दलीप मिश्रा, डॉ. गोपेश मंगल, श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शंकर, एनसीआईएसएम नई दिल्ली से डॉ. अतुल वाषणे, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू, डॉ. मोहित गुप्ता सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।


**कुरुक्षेत्र।** समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते कुलपति प्रो. वैद्य करतार धीमान।

## कुवि के पूर्व छात्र हेमंत गुप्ता के प्रयासों से रोज गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण

- 5 लाख डॉलर के आर्थिक योगदान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित रोज गार्डन के सौंदर्यीकरण को लेकर अब नई उम्मीदें जग गई हैं। विश्वविद्यालय के विधि विभाग के पूर्व छात्र व अमेरिका निवासी हेमंत गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी नलिनी गुप्ता ने अपनी मातृ संस्था कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रोजगार्डन के लिए 5 लाख डॉलर के आर्थिक योगदान को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी एलुमनी एसोसिएशन को देने का आश्वासन दिया है जिसमें से पौने दो करोड़ रुपए का चैक प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व एसोसिएशन के निदेशक प्रो. अनिल मित्तल को पहले ही सौंपा जा चुका है शेष राशि का चेक भी जल्द मिलने की संभावना है। यह राशि रोज गार्डन के व्यापक नवीनीकरण, सौंदर्यीकरण और उसके दीर्घकालिक संरक्षण के लिए उपयोग की जाएगी। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस धनराशि से रोज गार्डन को आधुनिक स्वरूप देने की योजना तैयार की जा रही है, जिसमें कैफेटेरिया, अंतरराष्ट्रीय प्रजातियों के फूलों/गुलाबों का रोपण, नई पाथवे और हरित गलियारों का विकास, पर्यावरण-अनुकूल प्रकाश व्यवस्था, छात्रों, शोधार्थियों और आगंतुकों के लिए बैठने की आधुनिक सुविधाएँ, वर्षा जल संचयन और सिंचाई की आधुनिक तकनीक, ओपन-एयर लर्निंग स्पॉट और फोटोग्राफी जोन आदि को स्थापित किया जाएगा। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कि यह योगदान न केवल रोज गार्डन को नया जीवन देगा, बल्कि परिसर की स्वच्छ, हरित और आकर्षक पहचान को और मजबूत करेगा।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का कार्य अधिकारों की रक्षा करना : आनंदवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

- मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा ह्यूमन राइट्स कमेटी कुरुक्षेत्र ने कार्यक्रम का किया आयोजन

मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा ह्यूमन राइट्स कमेटी कुरुक्षेत्र द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के चेयरमैन व पूर्व जज डॉ. आनंद वर्धन ने कहा कि 10 दिसंबर को राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एक महत्वपूर्ण संस्था है जिसका कार्य मानव अधिकारों की रक्षा करना और व्यक्तियों के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर एनएचआरसी स्टेट डिप्टी कन्वीनर एडवोकेट महेश शर्मा, शिबू शर्मा, विमल शर्मा अजय कुमार , संजीव शर्मा सोनू और अन्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह मानव अधिकार उल्लंघनो की जांच करता है।

**भ्रष्टाचार को खत्म करने मुख्य उद्देश्य**

मानव अधिकारों में पुख्ता जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति का अधिकार, अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता का अधिकार और काम व शिक्षा का अधिकार शामिल है। डॉक्टर आनंद वर्धन ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के इन अधिकारों को प्राप्त करने का हकदार होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मुख्य कार्य जुर्म, अन्याय व भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए संघर्ष करना और शासन प्रशासन का सहयोग करना है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का कार्य मानवाधिकारों की रक्षा करना है। इसके अलावा बाल विवाह व महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर अंकुश लगाना है। एनएचआरसी भारत में मानव अधिकारों का उल्लंघन से संबंधित किसी भी शिकायत की स्वतः संज्ञान लेकर या याचिका प्राप्त होने के बाद जांच कर सकता है।


डॉक्टर आनंदवर्धन

## टोल प्लाजा पर सिख से गुंडागर्दी करने वालों पर हो कार्रवाई : झींडा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने गांव गुमथला टोल प्लाजा पर कर्मचारियों द्वारा एक सिख व्यक्ति से बदसलूकी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव गुमथला में ही रहने वाले साबत सूरत सिख से 8 दिसंबर 2025 को टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने गुंडागर्दी की। टोल को लेकर सिख ने कर्मचारियों को बताया कि वह गुमथला गांव का वासी है, लेकिन कर्मचारियों ने एक न सुनी। देखते ही देखते वहां काम कर रहे कर्मचारी गुंडागर्दी पर उतर आए और सिख के साथ बदसलूकी की। जत्थेदार झींडा ने हरियाणा सरकार से इस मामले का संज्ञान लेते हुए साबत सूरत सिख से दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को टोल प्लाजा के ठेकेदारों एवं कर्मचारियों को दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार से आमजन को कोई परेशानी न हो।


**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा।

## वाहनों के लिए 10 साल की अनिवार्य सीमा जनता पर आर्थिक बोझ : जसविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा में वाहनों के लिए 10 साल की अनिवार्य सीमा तय करना लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर सीधा आर्थिक प्रहार है। युवा जेजेपी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कहा कि एक आम आदमी अपनी गाड़ी मेहनत की कमाई से खरीदता है, और उसे केवल 10 साल बाद अनुपयोगी घोषित कर देना जनता के जीवन की वास्तविकताओं से बिल्कुल अलग निर्णय है। डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने स्पष्ट कहा कि हरियाणा में गाड़ी केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका का आधार है। किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और परिवहन से जुड़े परिवार अपनी पूरी कमाई इन्हीं वाहनों पर निर्भर करते हैं। 10 साल की यह सीमा इन परिवारों को कर्ज़ और आर्थिक दबाव में धकेलने जैसा कदम है।

पर्यावरण संरक्षण के नाम पर आम जनता पर बोझ डालना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कहा कि गाड़ी की उपयुक्तता की कसौटी उसकी उम्र नहीं, बल्कि उसकी फिटनेस और प्रदूषण मानकों से तय होनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि फिटनेस टेस्ट के ढांचे को मजबूत करे, न कि जनता पर नई गाड़ी खरीदने का दबाव डाले। हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में नई गाड़ी खरीदना हर परिवार की क्षमता में नहीं है।



**विकास** | कालोनी वासियों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे कलसाना, फीता काटकर किया शुभारंभ

# कृष्णा विहार में विकास की नई शुरुआत, 73 लाख से होंगे विकास कार्य : सुभाष कलसाना

गली, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट से लेकर हर सुविधा को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

कृष्णा विहार कॉलोनी में विकास कार्यों को नई रफ्तार देते हुए भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने 73 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का एलान किया। कालोनी वासियों की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में पहुँचे कलसाना ने कॉलोनी की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की सुनिश्चितता देते हुए मौके पर ही गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि शाहाबाद का कोई भी गांव, वार्ड या कॉलोनी अब विकास से अछूता नहीं रहेगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर घर तक मूलभूत सुविधाएं पहुँचें।


**शाहबाद।** सुभाष कलसाना को मांगपत्र सौंपते कृष्णा विहार कालोनी के लोग।

**कॉलोनीवासियों को दिया भरोसा, मांगें होंगी पूरी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरे प्रदेश की चिंता करते हैं और रात दो-दो बजे तक जनता की समस्याएं सुनकर उनके समाधान में जुटे रहते हैं। कार्यक्रम में मौजूद पार्षद ईशु सचदेवा ने भी कॉलोनीवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा सुभाष कलसाना के नेतृत्व में कृष्णा विहार की एक-एक मांग पूरी होगी। यहां की गली, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट से लेकर हर सुविधा को प्राथमिकता देकर पूरा किया जाएगा। एडवोकेट अशोक वत्स ने कहा कि वे सदैव इस कॉलोनी की आवाज उठाते रहे हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि सुभाष कलसाना यहां का मुकम्मल विकास करवाएंगे। कॉलोनीवासियों तरसेम कटारिया, राकेश कलसाना, सुखवंत सिंह बग्गी, रवनीश कटारिया, पंडित राजेश शर्मा ने कालोनी के विकास से सम्बंधित मांग पत्र सुभाष कलसाना को सौंपा। जिस पर सुभाष कलसाना ने सभी मांगों को पूरा करने की सहमति जताई। इस अवसर पर नगरपालिका के पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र लक्की राणा, एडवोकेट अशोक वत्स, अशोक खुराना, सोनिया मेहंदीरत्ता, एडवोकेट मनदीप रावा, सरपंच प्रतिनिधि रिंकू बैरागी, नरेश खेड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजिंद्र उर्फ मद्रासी को गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में आरोपी से बिना नंबर की मोटरसाईकिल भी बरामद की गई है। पीड़ित महिला ने 13 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 नवंबर 2025 को गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब के पास से आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### 10 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 ने थाना साहा में दर्ज हत्या के मामले में 16 वर्ष से फरार चल रहा आरोपी राम रखा सिंह उर्फ राम रेखा सिंह को काबू किया है। पुलिस की ओर से आरोपी पर दस हजार रुपये का ईनाम भी रखा हुआ था। आरोपी बिहार के जिला सीतामढ़ी के गांव कोईली टोल बेगहा रासूलगंज उर्फ कोईली का रहने वाला बताया जा रहा है। काफी समय से पुलिस को आरोपी की तलाश थी। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### देसी पिस्तौल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ के गांव बड़ागांव पुल के नीचे अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ के उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत जांच टीम ने रेड कर आरोपी को तुरंत काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त किया।

### नशा तस्कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ के गांव बड़ी रसौर के पास से नशा तस्करी मामले में पुलिस ने तुरंत आरोपी गौरव उर्फ अज्जू को 27 ग्राम 32 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थो की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरांत पुलिस ने गांव बड़ी रसौर के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हेरोइन जब्त की गई।

### अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के पार्किग हाथीखाना मंदिर के पास से अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौंद रखने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मोहित को अवैध देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत सीआईए-1 हाथीखाना मंदिर की पार्किंग के पास से आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हियार जब्त किया गया।

### सड़क के कार्यों में विलंब पर अभियंता को नोटिस

**अंबाला।** नगर निगम मेयर शैलजा सचदेवा ने स्वीकृत सड़क के कार्यों में विलंब पर कार्यकारी अभियंता सौरभ गोयल को मंगलवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में कहा गया है कि उनको कई बार पत्राचार व बैठकों के माध्यम से यह निर्देशित किया जा चुका है कि जिन सड़कों के टेंडर एवं ठेके स्वीकृत हो चुके हैं, उनके निर्माण कार्य को निर्धारित समय के भीतर शुरू करवाया जाए, मगर सेक्टर-7 सहित अन्य क्षेत्रों में स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य अभी प्रारंभ नहीं किया गया है। नागरिकों की ओर से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, इससे विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लग रहा है और नगर निगम की छवि को भी क्षति पहुंच रही है। इसी प्रकार पार्कों में लगाए जाने वाले लाइटों सिंथेटिक ट्रैक का कार्य भी उनकी ओर से समय पर न करवाया जाना आपत्तिजनक है। मेयर ने कारण बताओ नोटिस जारी करते जवाब मांगा है कि उनकी ओर स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ क्यों नहीं किया गया और विलंब के लिए कौनसी परिस्थितियां अथवा अधिकारी जिम्मेदार है।

### ग्रामीण बोले-दस वर्षों से यही हाल, कई बार कर चुके शिकायत

# दूषित पानी की निकासी नहीं होने से सिरसगढ़वासी दुःखी

गली में दूषित पानी एकत्रित होने से आने वाली दुर्गंध से बीमारियां फैलने का सता रहा भय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

सिरसगढ़ गांव में मुख्य फिरनी में पानी निकासी न होने के कारण गली में लोगों के घरों की निकासी का गंदा पानी एकत्रित रहने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार हालात पिछले 10 सालों से बने हुए है। कई जगह शिकायतें करने के बावजूद भी गली की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। फिरनी पर ही दो आंगनबाड़ी और गोगा माडी है। ऐसे में आने जाने वालों को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। गली में गंदा पानी एकत्रित रहने के कारण आसपास स्थित घरों का दुर्गंध से बुरा हाल है। वहीं बिमारी फैलने तक भय ग्रामीणों को सताने लगा है ग्रामीणों ने एकत्रित होकर रोष व्यक्त किया और गली की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। ग्रामीण नैब राज, मोहन लाल, राजिंद्र, रवि कुमार, जसबीर, उदय, विकास, शैंकी, चरणो देवी, गुरमेल कौर, गीता देवी, फुलवती, मलका, मिथलेस, रीटा, , कैलाशो देवी ने बताया कि गली गांव से गुजरने का मुख्य रास्ता है। यह रास्ता एमएम अस्पताल भी जाता है। जिससे यहां पर काफी आवाजाही है। लेकिन पिछले करीब 10 सालों से पंचायत व प्रशासन की अनदेखी के चलते पानी निकासी व्यवस्था ठप्प हो गई है। लोगों के घरों का गंदा पानी गली में एकत्रित रहता है जिससे यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। हालात ये है कि लोगों को उसी गंदे पानी से आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इससे न केवल गंदगी फैल रही बल्कि वाहन चालक यहां गिरकर चोटिल तक हो रहे हैं।



**मुलाना।** गली में जमा गंदा पानी दिखाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### जल्द समस्या का समाधान होगा

समस्या संज्ञान में है। पानी एकत्रित होने पर पंचायत वहां से पानी निकलवा देती है। उस टुकड़े का टेंडर भी हो चुका है। ठेकेदार ने जगह का मुआयना भी कर लिया है। उम्मीद है जल्द ही काम लग जाएगा और समस्या का समाधान होगा।

- रामनाथ, सरपंच, सिरसगढ़

## छात्राओं ने एड्स के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली




**बराड़ा।** जागरूकता रैली निकालते हुए स्टूडेंट्स।

- लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में रेड क्रॉस सेल द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रेड क्रॉस सेल की इंचार्ज डॉ. सुमन देवी ने किया। रैली में कॉलेज की लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली की शुरुआत कॉलेज प्रांगण से की गई, जिसमें छात्राओं ने एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने वाले नारों और संदेशों के माध्यम से लोगों को जागृत किया। प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल करते हैं और समाज में जागरूक व सकारात्मक वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि छात्राएं सामाजिक बदलाव की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी समाज निर्माण में अत्यंत सहायक होती है। उन्होंने आगे कहा कि एचआईवी एड्स से संबंधित जागरूकता फैलाना आज की आवश्यकता है, ताकि छात्रों और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सही जानकारी प्रदान की जा सके। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा और रैली को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। रैली के माध्यम से छात्राओं ने समाज को एचआईवी एड्स के प्रति सचेत रहने और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

## सुशासन सप्ताह: सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं

- 19 से 25 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर से विशेष अभियान चलाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीईओ जिला परिषद गगनदीप ने बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के दृष्टिगत प्रशासन गांव की ओर से विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इस अभियान के तहत सब डिवीजन के साथ-साथ ब्लॉक लेवल पर विशेष शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं को सुनने का काम किया जाएगा। सीईओ जिला परिषद ने यह जानकारी उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित एक बैठक के दौरान दी। इससे पहले दिल्ली से वीसी के माध्यम से डीएआरपीजी की सचिव रचना शाह ने सुशासन सप्ताह दिवस के तहत किए जाने वाले कार्यों बारे विस्तार से जानकारी दी। सीईओ ने अधिकारियो की एक बैठक लेकर उन्हें बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के तहत विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इन अभियानों के तहत उपमंडल स्तर पर तथा ब्लॉक लेवल पर संबंधित विभागों के अधिकारी आमजन की समस्याओं को सुनने का काम करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए अनेकों सेवाएं क्रियान्वित की हुई हैं। लोगों को इन सेवाओं का लाभ भी पारदर्शी तरीके से दिया जा रहा है। सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह के तहत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। अधिकारियों को कहा कि इन शिविरों में लोगों की जो भी समस्याएं प्राप्त हो उनका प्राथमिकता से समाधान करने की दिशा में कार्य करें और जो भी सेवाएं विभागों द्वारा क्रियान्वित की हुई है।




**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम सतेंद्र सिवाच, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीआरओ राजेश ख्यालिया, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, एडीआईओ शुभम जोधा, बीडीपीओ किन्नी गुप्ता, बीडीपीओ शबनम, बीडीपीओ सुशील मंगला के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर शरीर को स्वस्थ व बेहतर बनाए

- अधिकारी व कर्मियों ने 5 मिनट तक वाई ब्रेक का प्रशिक्षण हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

आयुष मंत्रालय , आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के द्वारा चलाए गए योग से संबंधिंत वाई ब्रेक का प्रशिक्षण बुधवार को योग सहायक दपिंद्रजीत कौर द्वारा जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में दिया गया हैं। मौके पर कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने इसमें भाग लेकर 5 मिनट तक वाई ब्रेक का प्रशिक्षण हासिल किया। योग सहायक दपिंद्रजीत कौर ने बताया कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी व विभाग के निर्देशानुसार वाई ब्रेक योग प्रशिक्षण के तहत योग की महत्वता बारे जानकारी जानकारी दी जा रही है ताकि सभी इससे जुड़ सकें। प्रशिक्षण हासिल करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि इसे करने से सबको आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने आयुष मंत्रालय , आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के द्वारा चलाई गई इस मुहिम का तहे दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर अपने शरीर को स्वस्थ एवं बेहतर बनाए रखना हैं।



**अंबाला।** योग करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी

**अंबाला।** छावनी को गंदा करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए टीम का गठन किया गया है। नगर परिषद ने वार्ड स्तर पर कार्रवाई के बाद अब बाजार सहित अन्य रिहायशी क्षेत्रों में अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को गंदगी फैलाने वाले 10 लोगों के चालान काटे गए, वहीं दो दुकानदारों के चालान अनधिकृत पॉलिथीन रखने पर किया गया। इस दौरान लगभग 10 हजार रुपये का जुर्माना उन दुकानदारों से वसूला गया, जिन्होंने अपनी दुकानों के बाहर गंदगी के ढेर लगाए हुए थे। मुख्य सड़कों सहित गली-मोहल्लों की सड़कों पर सामान रखकर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ भी नगर परिषद ने कारवाई आरंभ कर दी है। नगर परिषद ऐसे लोगों की सूची तैयार कर रही है जो सड़कों पर रेत, बजरी व अन्य सामान रखकर कब्जा कर रहे हैं। ऐसे कुछ लोगों को मंगलवार को नगर परिषद की तरफ से चेतावनी जारी की गई है और अगली कार्रवाई में उनका सामान जब्त होगा।



**मुलाना।** पूर्व मंत्री का अभिनंदन करते लोग।

## नायब सरकार मेरिट के आधार पर दे रही युवाओं को नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

विभिन्न विभागों में भर्तियों की तैयारियां चल रही हैं, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। हमारी सरकार 'बिना पर्ची-खर्ची' के मेरिट आधार पर नौकरी देती है। यह कहना है पूर्व मंत्री विशंबर वाल्मीकि का। उन्होंने सीईटी परिणाम जारी होने पर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बधाई दी।उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन एक स्वतंत्र संस्था है, जो भर्ती प्रक्रिया में गति और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए अपना भर्ती कैलेंडर स्वयं जारी करता है। सभी की यह विजय डीएससी समाज के संगठन, एकता, समर्पण और सामाजिक उत्थान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करती है। बाल्मीकि समाज के लोगों ने पूर्व मंत्री से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया।

### चंबल फर्टिलाइजर एंड कैमिकल्स के कीटनाशकों की विक्रय पर रोक

**अंबाला।** उप कृषि निदेशक डॉ. जसविंद्र सिंह सैनी ने बताया कि निदेशक, कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा आदेश जारी करते चंबल फर्टिलाइजर एंड कैमिकल्स के कीटनाशकों व कुछ उर्वरकों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। अनुदानित उर्वरकों यूरिया व डीएपी के साथ अपने वितरकों को जबरन टैगिंग, अनियमित बिक्री एवं बिना अनुमति अन्य राज्यों में स्थित कीटनाशक निर्माताओं के उत्पादों की बिक्री के आरोपों के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। कंपनी के खिलाफ जिला के एक वितरक द्वारा जन संवाद पोर्टल पर जबरन टैगिंग की शिकायत दर्ज करवाई गई थी जिसकी जांच उप कृषि निदेशक द्वारा करने उपरांत जांच रिपोर्ट पोर्टल के माध्यम से कृषि विभाग, मुख्यालय को भेजी गई थी। इसमें स्पष्ट तौर पर जबरन टैगिंग के आरोपों की पुष्टि की गई थी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी होंगे पुरस्कृत: डीसी

- ऑनलाइन पोर्टल पर 13 दिसंबर तक आवेदन करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की गई हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना के अंतर्गत आगामी 25 दिसंबर को साल 2024-2025 में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को 'गुड गवर्नेंस अवॉर्ड' दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की गई हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना के अंतर्गत उन अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत कर शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है, जिनके अभिनव, अभ्यास और असाधारण प्रयास पूरे राज्य में बेहतर शासन में योगदान करते हैं। डीसी ने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सुशासन पुरस्कार के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम, सोसाइटी, विश्वविद्यालय, हरियाणा सरकार के अधीन उपक्रम के सभी पात्र कर्मचारी (रेगुलर या अनुबंधित) अपने ऑफिस-हेड या विभागाध्यक्ष या संबंधित एडमिनिस्ट्रेटिव सेक्रेटरी के जरिए ऑनलाइन पोर्टल पर 13 दिसंबर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसमें प्रोजेक्ट, स्कीम व प्रोग्राम का चयन करने उपरांत नॉमिनेट किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एडमिनिस्ट्रेटिव सेक्रेटरी, विभागाध्यक्ष और आईएएस ऑफिसर को इनमें शामिल नहीं किया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**अंबाला।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, इस कड़ी में आगामी 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, बिजली, पानी और पेंशन मामलों का निपटारा होगा। इस कड़ी में जिला न्यायालय में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है ताकि लोगों तक इसकी अधिक जानकारी पहुंच सके। ज्यादा लोग इस लोक अदालत का फायदा ले सकें। न्यायिक अधिकारी प्रवीण ने बताया कि इसके अलावा बिजली, पानी इत्यादि संबंधित प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें स्थायी लोक अदालत में लगाकर निपटाए जा सकते हैं।

### फिलाडेल्फिया अस्पताल में जीएनएम की छात्राओ ने खेलकूद स्पर्धाओं में दिखाई ताकत

# कबड्डी प्रतियोगिता में जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने मारी बाजी

कैटरपिलर रेस, और बैलून टिक-टैक-टो जैसे रचनात्मक खेलों ने छात्राओं को नई चुनौती दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के फिलाडेल्फ़िया अस्पताल परिसर में बुधवार को असाधारण उत्साह से भर उठा, जब पूरे अस्पताल परिवार ने मिलकर वार्षिक खेल दिवस को खेल और भाईचारे की भावना के साथ मनाया। कार्यक्रम की पावन शुरुआत सीएनआई चर्च के प्रिस्बिटर-इन-चार्ज रेव. अडिनो की प्रेरक प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, और स्टाफ व नर्सिंग छात्राओं के ऊर्जावान मार्च-पास्ट ने पूरे मैदान का माहौल जीवंत कर दिया। सुबह से शुरू होकर दिन भर मैदान में रोमांच बना रहा। 100 मीटर व 200 मीटर रिले, तीन-पैर दौड़, शॉटपुट, भाला फेंक, म्यूज़िकल चेयर, रस्साकशी और कबड्डी—हर खेल ने तालियों, उत्साह भरी चीखों और टीम स्पिरिट से मैदान को गूंजा दिया। नर्सिंग छात्रों की हर कक्षा और अस्पताल स्टाफ ने अद्भुत ऊर्जा के साथ भागीदारी कर सबका दिल जीत लिया। टीम बिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित लावा वॉक, कैटरपिलर रेस, और बैलून टिक-टैक-टो जैसे रचनात्मक खेलों ने छात्राओं को नई चुनौती दी, जबकि स्टाफ ने थ्री-स्टेप रेस और कार्ड पाउडर शिफ्ट में अपनी फुर्ती और सहभागिता से मैदान में खूब रंग भरा। इस दौरान बास्केटबॉल स्पर्धा पर जीएनएम प्रथम वर्ष को विजेत घोषित किया गया। खो-खो में जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राएं विजेता बनी। कबड्डी में जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने बाजी मारी। इसी तरह वालीबॉल स्पर्धा पर प्रथम वर्ष की छात्राओं ने कब्जा जमाया।



**अंबाला।** खेल उत्सव से पहले मार्च पास्ट करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

#### टीम भावना की सराहना

खेल दिवस की हंसी, उत्साह और एकता ने पूरे अस्पताल परिसर में एक उत्सव जैसा माहौल बना दिया। चूंकि यह कार्यक्रम क्रिसमस से पूर्व तीसरे रविवार को आयोजित हुआ, इसलिए हर दिल में "प्रिंस ऑफ़ पीस" के आगमन की तैयारी और भी आनंदमयी महसूस हुई। समापन पर डॉ. एस. सादिक ने प्रेरक शब्दों के साथ सभी प्रतिभागियों की ऊर्जा, समर्पण और टीम भावना की सराहना की। दिन का समापन अमित कपूर, स्पोर्ट्स चैपलिन, न्यूज़ीलैंड की प्रार्थना से हुआ, जिसने इस आनंदमय दिन को आध्यात्मिक आशीर्वाद से पूर्ण कर दिया। फिलाडेल्फ़िया अस्पताल के लिए यह खेल दिवस न सिर्फ खेलों का उत्सव था बल्कि एकता, उत्साह, और मिलकर आगे बढ़ने की भावना का अद्भुत प्रतीक भी बना।